## नियम 149 : अवकाश–दिन पर विक्रय करने का प्रतिषेध

इस अध्याय के उपबंधों के अधीन नियमों के अंतर्गत, रविवार या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य साधारण अवकाश दिन पर या किसी अन्य दिन, जो सरकार द्वारा उस क्षेत्र के लिए जिसमें विक्रय किया जाना है अवकाश–दिन घोषित किया गया है, कोई विक्रय नहीं किया जाएगा।